दिन– गुरूवार | दिनांक– 25 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधान परिषद की आचार समिति ने राजद एमएलसी सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त किये जाने की अनुशंसा की।

02. विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने आज जमकर किया हंगामा। विरोध कर रहे सदस्यों ने सदन के बीचोबीच जाकर समानांतर सभा भी चलाई।

03. निगरानी जांच ब्यूरो ने पटना में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विभु विद्यार्थी को तीन लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के आगामी संस्करण के लिए मिले सुझावों पर प्रसन्नता व्यक्त की। अट्ठाईस जुलाई को होगा मन की बात का प्रसारण।

————————————————————————

विधान परिषद की आचार समिति ने राजद के विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त किये जाने की अनुशंसा की है। समिति के अध्यक्ष रामवचन राय ने प्रतिवेदन को आज सदन के पटल पर रखा। एमएलसी पर मुख्यमंत्री के हाव–भाव की नकल कर खिल्ली उड़ाने का आरोप लगा है। आचार समिति के प्रतिवेदन में कहा गया है कि समिति यह मानती है कि सुनील कुमार सिंह ने सदन में अपने असंसदीय आचरण और मर्यादित व्यवहार से सदन के सदस्य बने रहने की पात्रता खो दी है। इधर, एमएलसी सुनील कुमार सिंह ने कहा है कि यह मेरे खिलाफ साजिश है।

———बाईट———

————————————————————————

विधान सभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही भी विपक्षी दलों के हंगामे के कारण प्रभावित रही है। राजद, कांग्रेस और वाम दलों के सदस्यों ने अपराध, भ्रष्टाचार, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर पटना में हुये लाठी चार्ज और अन्य मुद्दों को लेकर आज सदन के बाहर और भीतर जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। काफी देर नारेबाजी करने के बाद महागठबंधन के सदस्य सदन के बीच बैठ गये और समानांतर सभा चलायी। इस दौरान सीपीआई माले के महबूब आलम ने एक कुर्सी पर बैठकर समानांतर सदन का संचालन भी किया। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने हंगामा कर रहे सदस्यों को बार–बार शांत कराने का प्रयास किया और कार्रवाई की चेतावनी भी दी। जिसका कोई असर नहीं हुआ। हंगामे के कारण सदन की

कार्यवाही बाधित रही। हालांकि अध्यक्ष ने भोजनावकाश से पहले प्रश्न काल, शून्यकाल और अन्य विधायी कार्य हंगामे के बीच ही पूरा कराया। भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही प्रथम अनुपूरक बजट पर चर्चा के साथ शुरू हुई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने फिर से सदन के बीचोबीच आकर हंगामा शुरू कर दिया। कार्यवाही फिर स्थगित हो गयी। अपराह्न चार बजकर पचास मिनट पर शुरू हुई सदन की कार्यवाही के दौरान अनुपूरक बजट समेत अन्य महत्वपूर्ण विधेयक पारित किये गये।

———————————————————————

राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष दो हजार बाईस–तेईस में वर्ष इक्कीस–बाईस की तुलना में पन्द्रह दशमलव पांच–पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। वहीं, इसी अवधि में राज्य का राजकोषीय घाटा बढ़कर ग्यारह हजार दो सौ अट्ठासी करोड़ रूपये से अधिक हो गया है। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की बिहार विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत वार्षिक लेखा परिक्षण रिपोर्ट में ये तथ्य सामने आये हैं। रिपोर्ट के अनुसार राज्य की देनदारियों में भी वर्ष दो हजार इक्कीस–बाईस की तुलना में दो हजार बाईस–तेईस में सात दशमलव आठ–तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि केन्द्रीय करों और शुल्कों में राज्य की हिस्सेदारी में चार दशमलव पांच–पांच प्रतिशत और कर राजस्व में छब्बीस दशमलव दो–नौ प्रतिशत हिस्सेदारी बढ़ी है। इसके साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा राज्य को मिलने वाले अनुदान सहायता में भी एक दशमलव चार सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

———————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान राज्य में दस लाख नये किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये जायेंगे। विधानसभा में आज भाजपा के विजय कुमार खेमका के एक प्रश्न के जवाब में कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में अभी चालीस लाख किसानों के पास किसान क्रेडिट कार्ड हैं। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य स्तरीय बैंकर्स कमेटी की बैठक में बैंकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए कहा गया है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति पद पर अपने दो वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय के नौवीं कक्षा के छात्रों को पढ़ाया। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने आधुनिक दौर की विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की। राष्ट्रपति ने छात्रों से लोगों को इन समस्याओं के बारे में आगाह करने और इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने में योगदान देने के लिए भी कहा।

———बाईट———

हम जो कभी – कभी ऐसा देखा जाता है कि जागरूकता नहीं होने के कारण टेप को भी खोल देते हैं, खोल कर छोड देते हैं तो पानी वेस्ट होता है। कभी कभी हम इतने जरूरत ज्यादा नहाने के टाईम शावर खोल दो, जरूरत से ज्यादा नहा लो, जरूरत से ज्यादा पानी को हम बर्बाद करते हैं और कभी– कभी हम पीने के पानी में भी हाथ धो लेते हैं, कभी–कभी पीने के पानी में हम बर्तन साफ कर लेते हैं तो फिर वो पीने का पानी पीने में ही यूज होना चाहिए।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के आगामी संस्करण के लिए मिले सुझावों पर प्रसन्नता व्यक्त की है। यह कार्यक्रम इस महीने की अट्ठाईस तारीख को प्रसारित होने वाला है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उन्हें आगामी मन की बात कार्यक्रम के लिए कई सुझाव मिल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा है कि उन्हें यह देखकर खुशी हो रही है कि कई युवा विशेष रूप से समाज को बदलने के उद्देश्य से सामूहिक प्रयासों पर प्रकाश डाल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपने सुझाव माईजीओवी, नमो ऐप पर भेजने या एक आठ शून्य शून्य– एक एक सात आठ शून्य शून्य पर अपना संदेश रिकॉर्ड कराने का आग्रह किया।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने इक्कीस परीक्षाओं का संशोधित कैलेन्डर जारी किया है। इसके अनुसार सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा तीस सितम्बर को होगी। परिणाम पांच से सात नवम्बर के बीच प्रकाशित किया जाएगा। वहीं, मुख्य परीक्षा का आयोजन अगले वर्ष तीन से सात जनवरी के बीच किया जाएगा। उनहत्तरवीं संयुक्त परीक्षा का अंतिम परिणाम इकतीस अगस्त तक प्रकाशित किया जाएगा। इधर, आयोग कल प्रधानाध्यापक तथा प्रधान शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिए अट्ठाईस और उनतीस जून को आयोजित परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के लिए उत्तर पत्र जारी करेगा। आयोग ने सूचना जारी कर अभ्यर्थियों से दो अगस्त तक आयोग की वेबसाईट से उत्तर पत्र–ओएमआर शीट डाउनलोड करने को कहा है। पांच अगस्त तक आपत्ति दायर की जा सकती है।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो ने पटना के मीठापुर स्थित कृषि विभाग के कार्यालय से विभाग के संयुक्त निदेशक विभु विद्यार्थी को तीन लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने विभाग के प्रधान लिपिक सत्यनारायण कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

बिहार के दो सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन पुरस्कारों की आज घोषणा की। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से दिये जाने वाले वार्षिक पुरस्कों के लिए इस बार बिहार के दो सामुदायिक रेडियो स्टेशन का चयन किया गया है। विषय आधारित श्रेणी में टेक सखी कार्यक्रम के लिए सारण छपरा जिले के रेडियो मयूर को प्रथम पुरस्कार दिया जायेगा। वहीं, स्थानीय संस्कृति को बढावा देने के लिए तीसरा पुरस्कार भागलपुर के रेडियो एक्टिव सामुदायिक रेडियो को दिया जायेगा। यह पुरस्कार अंग प्रदेश की अद्‌भुत धरोहर कार्यक्रम के लिए दिया जायेगा। रेडियो मयूर के संचालक और प्रसारणकर्ता अभिषेक अरुण ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि यह पुरस्कार छपरा और आस पास के उनके श्रोताओं को समर्पित है। उन्होंने टेक सखी के बारे में बताया कि यह महिलाओं के बीच कई प्रकार के वित्तीय जागरुकता कार्यक्रम चलाता है।

———बाइट—अभिषेक अरुण —1———

अभिषेक ने बताया कि शिक्षा और स्वास्थ्य के विषय में उनका सामुदायिक रेडियो अधिक प्रसारण करता है।

———बाइट—अभिषेक अरुण —2———

प्रथम पुरस्कार के रुप में एक लाख और तीसरे पुरस्कार के रुप में पचास हजार रुपये की नकद राशि दी जाती है। आकाशवाणी समाचार के लिए कामिनी ठाकुर।

———————————————————————————————

राज्य के उत्तर—पश्चिम और दक्षिण—पश्चिम भागों में बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में विभिन्न स्थानों पर वृद्धि दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी का जलस्तर पश्चिम चम्पारण के चटिया में बढ़ रहा है। वहीं, नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से लगभग तीस सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। बागमती नदी के जलस्तर में मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में वृद्धि दर्ज की गयी है। यहां नदी का जलस्तर खतरे के निशान से करीब आधा मीटर ऊपर दर्ज किया गया। अधवारा समूह के नदी का जलस्तर दरभंगा के एकमी घाट में बढ़ रहा है। इधर, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। महानंदा, परमान और अन्य नदियों का जलस्तर स्थिर बना हुआ है।

———————————————————————————————

मौसम विभाग ने आज और कल नवादा, नालंदा, गया, औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर, बक्सर और सीवान समेत राज्य के उत्तर—पश्चिम, दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्य भागों में अनेक स्थानों पर वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इधर, विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के अधिकतर भागों में अगले चार दिनों तक हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों के तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

———बाईट———

———————————————————————————————

नवादा के तौसीफ रसूल ने जॉडर्न में आयोजित अठारहवीं जूनियर एशियन पुरूष हैंडबॉल चैंपियनशिप के फाईनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीत है। फाईनल मुकाबले में भारत ने हांगकांग को पराजित किया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. विधान परिषद की आचार समिति ने राजद एमएलसी सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त किये जाने की अनुशंसा की।

02. विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने आज जमकर किया हंगामा। विरोध कर रहे सदस्यों ने सदन के बीचोबीच जाकर समानांतर सभा भी चलाई।

03. निगरानी जांच ब्यूरो ने पटना में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विभु विद्यार्थी को तीन लाख रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के आगामी संस्करण के लिए मिले सुझावों पर प्रसन्नता व्यक्त की। अट्ठाईस जुलाई को होगा मन की बात का प्रसारण।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।